**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4814**
**उत्तर देने की तारीख: 23.03.2020**

**पुरातत्व संबंधी शिक्षण**

†**4814. डॉ॰ डी॰ रविकुमारः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अनन्य रूप से पुरातत्व, मुद्राशास्त्र और अन्य संबंधित विषयों पर एक मानद केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ख) उन विश्वविद्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां पुरातत्व की शिक्षा प्रदान की जा रही है?

उत्तर

**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क)**:** विश्वविद्यालयों की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। हाल ही में, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश में दो केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं और तेलंगाना में एक केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय प्रस्तावित है। तथापि, विशेष रूप से पुरातत्व, मुद्राशास्त्र और अन्य संबंधित विषयों के लिए एक नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) द्वारा यथा अनुमोदित 12वीं योजना (2012-17) से, उच्चतर शिक्षा प्रणाली के समेकन पर बल दिया गया था। नई संस्थाओं की स्थापना करने के बजाए, मौजूदा संस्थानों की क्षमता बढ़ाकर उनका विस्तार किया जाना है।

(ख) ऐसा कोई डाटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

****